हार में धैर्य और जीत में विनम्रता रखनी चाहिए : नरेन्द्र सिंह

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 11 अक्टूबर। विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य एवं जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 में हुई 69वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी क्रीड़ा प्रतियोगिता अंडर-19 बालक/बालिका वर्ग का समापन समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी आर.डी. मित्तल, सांदीपनि विद्यालय प्राचार्य चौहान, प्रभारी खेल अधिकारी रामबाबू कुशवाह, खेल प्रशिक्षक संजय पंकज सहित अन्य अधिकारी संभागों से पधारे दल प्रबंधक, खिलाड़ी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

खेल हमें जीवन में अनुशासन सिखाता है : कामना सिंह

69 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता
कबड्डी
बालक/बालिका

विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक नहीं अनेक योजनाएं चलाई हैं और उसी के तहत 69वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता भिण्ड में आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि हार में हमें धैर्य रखना चाहिए और जीत में विनम्रता रखनी चाहिए। खेल व जीवन एक-दूसरे के पर्याय हैं। जीवन में खेल का बहुत महत्व है, खेल में हार-जीत होती है पर हार हमें एक नई सीख देती है और जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश देती है।

जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया ने कहा कि कबड्डी खेल मूल रूप से हमारे भारत का खेल माना जाता है। कबड्डी का खेल हमें टीम वर्क, फिजिकल फिटनेस और रणनीति को लेकर खेल जाता है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में बहुत जरूरी है क्योंकि खेल हमें जीवन में अनुशासन सिखाता है और हमें यह सिखाता है कि कैसे निरंतरता हमारे जीवन में बहुत जरूरी, टीम वर्क सिखाता है। खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए तथा हमें खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। 69वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी क्रीडा प्रतियोगिता में 9 संभागों के लगभग 108 बालक एवं 108 बालिका प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता निभाई। सभी संभागों के खिलाडियों को एवं स्टेट ऑफीसरों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

69वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता अंडर-19 बालक वर्ग में ग्वालियर संभाग ने प्रथम स्थान, जनजातीय विकास विभाग ने द्वितीय स्थान तथा उज्जैन संभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही अंडर-19 बालिका वर्ग में जबलपुर संभाग ने प्रथम स्थान, रीवा संभाग ने द्वितीय स्थान तथा इंदौर संभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में विजेता एवं उप विजेता बालक/बालिका टीमों को ट्राफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सांदीपनि शासकीय उमावि क्र. 02 की छात्राओं द्वारा बैंड, गायन एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया।

कक्षा छठवीं के छात्रों को किया नि :शुल्क साईकिल वितरण

विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाहएवं जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया ने सांदीपनि शासकीय उमावि क्र . 02 परिसर में नि :शुल्क सायकिल प्रदाय योजना अंतर्गत कक्षा छठवीं के कुल 161 छात्र-छात्राओं को साईकिल का वितरण किया, जिसमें 84 छात्र एवं 77 छात्राओं को साईकिल का वितरण किया गया।

संत उमाकांत महाराज का सत्संग एवं नामदान कार्यक्रम 14 को

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 11 अक्टूबर। शहर में आध्यात्मिक माहौल का माह बनाते हुए आगामी 14 अक्टूबर को इटावा रोड स्थित कामतानाथ वाटिका में संत बाबा उमाकांत महाराज का विशाल सत्संग एवं नामदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान संत बाबा उमाकांत महाराज भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान, जीवन में सकारात्मकता और सदाचार का संदेश देंगे।

हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना

कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी आयोजनकर्ता राजवंत सिंह भदौरिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम दु:ख हर्ता वक्त के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में प्रेम, सद्भाव और मानवीय मूल्यों का प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में ग्वालियर, इंदौर, दमोह, जबलपुर, मुरैना, शिवपुरी सहित मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के कुछ जनपदों से भी भक्तों के आने की संभावना है। आयोजन समिति ने बताया कि करीब पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति अनुमानित है।

श्रद्धालुओं के लिए बैठने, प्रसाद वितरण, वाहन पार्किंग और पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जाएगा। समिति द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन से समन्वय स्थापित किया गया है ताकि भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। राजवंत सिंह भदौरिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे से होगा और शाम तक सत्संग का दौर चलता रहेगा। बाबा उमाकांत महाराज अपने प्रवचनों में जीवन के आध्यात्मिक रहस्यों, गुरु भक्ति और आत्म कल्याण के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। उन्होंने जिले के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर संत प्रवचन का लाभ उठाएं और अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएँ। कार्यक्रम को लेकर शहर और आसपास के क्षेत्रों में भक्तों में उत्साह का माहौल है।

सप्त शक्ति संगम का जिला वक्ता कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 11 अक्टूबर। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान मध्यभारत का सप्त शक्ति संगम हेतु भिण्ड जिला वक्ता कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती मंजू दीदी ग्वालियर, विशिष्ट अतिथि के रूप में माधवी राजावत ग्वालियर, जिला संयोजक सपना सक्सेना, जिला सहसंयोजिका ममता भदौरिया जिला प्रभारी रामजीलाल शुक्ला विभाग समन्वयक मुकुट विहारी शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

विद्याभारती मध्यभारत प्रांत की योजना अनुसार प्रांत छ: हजार गोष्ठियों का आयोजन सोलह जिलों में सम्पन्न होना बताया गया। भिंड जिले में 700 मातृशक्ति की गोष्ठियों का आयोजन होना है जिसमें आज मेंहगांव में जिला वक्ता कार्यशाला का आयोजन हुआ और भिंड जिले से एक सैकडा से अधिक मातृशक्ति वक्ताओं व भिंड जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्य व प्रधानाचार्य सहित विद्यालय संयोजक दीदियां उपस्थित रहीं।

पंच परिवर्तन में कुटुम्ब प्रबोधन के क्रम में समाज में मातृशक्ति की भूमिका बिषय पर विस्तृत चर्चा हुई। मंच संचालन सपना सक्सेना जिला संयोजक ने किया। कार्यक्रम का आभार पूर्व आचार्य समाज सेबिका सुधा राठौर ने किया।

पुलिस ने सुलझाई चोरी की वारदात

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 11 अक्टूबर। विगत दिनों सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के वीरेंद्र नगर स्थित मंगला माता मंदिर के पास उस समय सनसनी फैल गई थी जब सेना के जवान रविशंकर उर्फ रवि पाराशर पुत्र स्व. नाथूराम पाराशर के सूने घर में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के समय घर के सदस्य बाहर गए हुए थे और बदमाशों ने इस मौके का फायदा उठाकर घर से नकदी व कीमती सामान पार कर लिया था।

समाजसेवी ने सीएसपी और सिटी कोतवाली टीआई का किया सम्मान

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली थाना प्रभारी बृजेंद्र सेंगर ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन एवं सीएसपी निरंजन राजपूत के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने मामले की बारीकी से जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। संदिग्धों से पूछताछ और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना के सुराग तलाशते हुए आखिरकार चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया।

पुलिस के अनुसार चोरी में शामिल आरोपियों की पहचान कर उनके कब्जे से चोरी गया सामान बरामद कर लिया गया है। फिलहाल मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस टीम के इस तत्परता और दक्षता से किए गए कार्य की सराहना समाज के विभिन्न वर्गों ने की है। शनिवार को समाजसेवी सुनील फौजी ने सिटी कोतवाली पहुंचकर सीएसपी निरंजन राजपूत एवं टीआई बृजेंद्र सेंगर का फूल मालाओं से स्वागत कर सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मी जिस समर्पण और सजगता से समाज की सुरक्षा में जुटे हैं, वह सराहनीय है। अपराधियों के खिलाफ की गई त्वरित कार्रवाई से आम नागरिकों में विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

कार्यक्रम के अंत में सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सुरक्षा और अपराध पर नियंत्रण है। जनता के सहयोग से ही अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

औषधि निरीक्षक ने की मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 11 अक्टूबर। कलेक्टर भिण्ड एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में औषधि दुकानों की सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक डॉ. आकांक्षा गरुड़ ने दिनांक 11 अक्टूबर 2025 को गोहद तहसील में औचक निरीक्षण अभियान चलाया।

बिना फार्मासिस्ट संचालन पर होगी कार्यवाही

निरीक्षण के दौरान शर्मा मेडिकल स्टोर, राजगंगा मेडिकल स्टोर, पीसीबी मेडिकल स्टोर, साक्षी मेडिकल स्टोर, राठौर मेडिकल स्टोर, दीप मेडिकल स्टोर, ब्रिज किशोर मेडिकल स्टोर, दाउजी मेडिकल स्टोर, रेखा मेडिकल स्टोर, अग्रवाल मेडिकल स्टोर, किशोरी मेडिकल स्टोर, श्रीराम मेडिकल स्टोर, प्रेम मेडिकल, गुरुकृपा, बालाजी मेडिकल स्टोर सहित दर्जनभर दुकानों का गहन निरीक्षण किया गया। लाइसेंसों की जांच की गई और प्रत्येक दुकान पर फार्मासिस्ट की उपस्थिति एवं अभिलेखों की सत्यापन प्रक्रिया की गई। इस दौरान दिव्यंशी मेडिकल स्टोर, पीताम्बरा मेडिकल स्टोर और आफिया मेडिकल स्टोर के संचालक निरीक्षण की सूचना पाकर अपनी दुकानें बंद कर मौके से भाग गए, जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

डॉ. गरुड़ ने सभी मेडिकल संचालकों को निर्देश दिए कि चार वर्ष से कम आयु के बच्चों को क्लोरफेनिरामाइन मैलिएट एवं फिनाइलेफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड मिश्रण युक्त कफ सीरप जैसे कोल्ड्रिफ, रिलाइफ एवं रेलीफ्रेश कफ सीरप नहीं दिए जाएँ। उन्होंने स्पष्ट किया कि डॉक्टर की पर्ची के बिना खांसी-जुकाम की दवाएँ न दी जाएँ तथा बिना फार्मासिस्ट किसी भी दुकान का संचालन न किया जाए। निरीक्षण के दौरान लाइसेंस नवीनीकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया कि गोहद क्षेत्र के सभी मेडिकल स्टोरों के नवीनीकरण अद्यतन हैं। गौरतलब है कि 8 अक्टूबर 2025 को भी गोहद चौराहा क्षेत्र में औषधि निरीक्षक द्वारा अमानक दवाओं पर रोक लगाने और केमिस्ट मीटिंग आयोजित कर दिशा-निर्देश दिए गए थे। औषधि निरीक्षक डॉ. आकांक्षा गरुड़ ने बताया कि गोहद में की गई यह कार्यवाही औषधि गुणवत्ता एवं उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की गई है। आने वाले दिनों में इसी प्रकार के निरीक्षण जिले की अन्य तहसीलों में भी किए जाएंगे।

समय पूर्व जन्मे नवजात को मिला नया जीवन

विश्वनाथ श्रीवास
भिण्ड, 11 अक्टूबर। जिला चिकित्सालय के एस.एन.सी.यू. में कार्यरत स्वास्थ्य दल के प्रयासों से एक अति अल्पवजन एवं श्वसन समस्या से ग्रस्त नवजात शिशु को नया जीवन मिला है।

एस.एन.सी.यू. प्रभारी डॉ. के.के. गुप्ता ने जानकारी देते हुए

21 दिन के उपचार से 1540 ग्राम के शिशु ने पाई नई सांस

बताया कि बेबी ऑफ रेखा पति रिंकू निवासी खैरोली, बरासो, जिला भिण्ड का जन्म 24 अगस्त 2025 दोपहर 2.45 बजे एक निजी नर्सिंग होम में सीजेरियन डिलीवरी द्वारा हुआ था। जन्म के कुछ ही समय बाद शिशु को सांस लेने में परेशानी होने पर शाम 3.50 बजे जिला चिकित्सालय के एस.एन.सी.यू. वार्ड में भर्ती कराया गया।

भर्ती के समय शिशु का वजन मात्र 1540 ग्राम था और वह समयपूर्व जन्मा था। चिकित्सकों ने नवजात को तत्काल सी-पेप मशीन में रखा तथा एफ.बी.एन.सी. गाइडलाइन के अनुरूप उपचार प्रारंभ किया गया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि उपचार के दौरान शिशु को कई बार सांस लेने में कठिनाई, त्वचा पर नीलापन और वजन में गिरावट की समस्या हुई, लेकिन एफ.बी.एन.सी. प्रोटोकॉल के तहत लगातार देखरेख और इंजेक्शन कैफीन जैसी औषधियों के उपयोग से धीरे-धीरे उसकी स्थिति में सुधार आने लगा। कुछ दिनों बाद जब बच्चे की सांस सामान्य हुई तो उसे नली के माध्यम से दूध दिया गया।

तीन दिन तक सी-पेप मशीन और तीन दिन तक ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखने के बाद नवजात की ऑक्सीजन हटा दी गई। इसके उपरांत शिशु को वजन स्थिर रखने के लिए एम.एन.सी.यू. में 1300 ग्राम वजन पर शिफ्ट किया गया, जहां वह 14 दिन तक रहा। एम.एन.सी.यू. में भी बच्चे का वजन कई बार घट-बढ़ हुआ, लेकिन लगातार चिकित्सकीय देखरेख और मां को दिए गए पोषण एवं स्तनपान संबंधी मार्गदर्शन से बच्चे की सेहत में सुधार होता गया। अंतत: 15 सितंबर 2025 को शिशु को 1340 ग्राम वजन के साथ स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज किया गया। बाद में 8 दिन के फॉलोअप पर बच्चे का वजन 1535 ग्राम पाया गया और वह पूर्णत: स्वस्थ है। डॉ. गुप्ता ने बताया कि यह सफलता एस.एन.सी.यू. टीम के सामूहिक प्रयास और शासन की एफ.बी.एन.सी. नीति के पालन का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि ऐसे समयपूर्व जन्मे नवजातों को समय पर चिकित्सकीय सहायता और मातृ देखभाल मिलने पर उन्हें पूरी तरह स्वस्थ बनाया जा सकता है। जिला अस्पताल की एस.एन.सी.यू. इकाई ने अब तक अनेक अल्पवजन व अस्वस्थ नवजातों को जीवनदान दिया है।

एक नजर में

चांद के दीदार के बाद व्रत खोला

राहतगढ़ . करवाचौथ पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु के लिए निराहार व्रत रखा . सोलह श्रृंगार से सजी महिलाओं ने चांद के दीदार के बाद पति के हाथों एक गिलास पानी पिया एवं विधि विधान से पूजन किया . मेहंदी लगाने से लेकर पूरी तरह दुल्हन के लिवास में सजी सुहागन महिलाओं ने करवा चौथ की पूजा कर छलनी से पति का चेहरा देखकर व्रत तोड़ा .

छिंदवाड़ा घटना की निंदा, निकाला कैंडिल मार्च

रहली . कांग्रेस जनों ने केंडल मार्च निकाला और छिंदवाड़ा में कफ सिरप से हुई 20 बच्चों की मौत पर श्रद्धांजलि दी गई . श्रद्धांजलि अर्पित करने बालों में दीपक जैन, रत्नेश पटेल, सौरभ हजारी, अनूप ददरया, संजय पटेरिया, प्रमोद नायक, ज्योति पटेल, बी डी पटेल, महेश साहू, शैलेन्द्र सोनी, परसोत्तम पटेल, केशव पटेल, प्रकाश गुप्ता, महेन्द्र ठाकुर, बिहारी पटेल, अमृतलाल नायक, रोहित कुर्मी, विक्रम यादव, भोले अहिरवार, साकेत सोनी मौजूद थे .

सहोदया कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन

सागर . सहोदया कबड्डी टूर्नामेंट सेंट मैरी स्कूल गौरनगर मकरोनिया में संपन्न हुआ . जिसमें 11 स्कूलों की टीमों ने भाग लिया . मुख्य अतिथि शारीरिक शिक्षा विभाग की एचओडी मोनिका हर्डिकर, शैलेष मेमोरियाल स्कूल प्राचार्य डॉ एस .बी .सिंह, फादर थॉमस फिलिप का स्वागत किया गया . फादर थॉमस ने कबड्डी टूर्नामेंट के प्रारंभ की घोषणा की . कबड्डी फाइनल में बालिका वर्ग में सेंट मैरी स्कूल गौरनगर, मकरोनिया ने 54/16 के स्कोर से गोमती नंदन पब्लिक स्कूल बीना को हराया . बालक वर्ग में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल बीना ने 36/14 के स्कोर को हासिल कर शैलेष मेमोरियल स्कूल को हराया . इस दौरान मैनेजर फादर साबू, सहोदया कोषाध्यक्ष डॉ मंजु कोहली, प्राचार्या सजु जोबी के द्वारा पुरूस्कार वितरित किए गए .

कछुआ गति से मल्टीलेविल पार्किंग कार्य

नवभारत न्यूज
सागर 11 अक्टूबर. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी में लंबे समय से चली आ रही शहर की यातायात व्यवस्था के स्थायी निदान करने हेतु पं.मोतीलाल स्कूल कटरा बाजार में 39 करोड़ रूपये की लागत से मल्टीलेबिल पार्किंग के निर्माण कार्य में विलंब को लेकर महापौर परिषद ने संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाई.

मालूम हो कि दो दिन पूर्व ही नवभारत समाचार द्वारा शहर के यातायात व्यवस्था बे पटरी हो गई को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था. जिसके बाद ही महापौर श्रीमति संगीता सुशील तिवारी ने एमआईसी सदस्यों एवं वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ.सुशील तिवारी के साथ निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान महापौर ने मल्टीलेबित पार्किंग के निर्माण की गति धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए. मल्टीलेबिल पार्किंग का निर्माण होने से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा साथ ही कटरा बाजार में खड़ी चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों को व्यवस्थित रखने के लिये स्थान सुरक्षित रहेगा. मल्टीलेबिल पार्किग में ग्राउण्ड फ्लोर पर 300 दो पहिया वाहनों को रखने, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल पर 100-100 चार पहिया वाहनों को रखने की व्यवस्था की गई है तथा इसकी छत पर मल्टी प्लेक्स और फूड कोर्ट बनाया जायेगा.

धार्मिक मान्यताओं को पूरा करने एक मजबूत व्यवस्था बनाई गई

नवभारत न्यूज
सागर 11 अक्टूबर. सेवा और जनसेवा के कई प्रतिमान स्थापित है. जिनकी प्रेरणा से लोग इनको अपनाकर आगे बढ़ाने और बेहतर करने में जुटे है. ताकि सामाजिक आर्थिक समरसता बनी रहे और लोगों की भावनाओं, धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं के अनुरूप लोग अपना दायित्व निभा सके.

वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव अपनी कार्यशैली को लेकर भले ही चर्चा में बने रहते हो . लेकिन आम आदमी की मदद और उनकी धार्मिक मान्यताओं को पूरा करने भी बहुत आगे है. उनकी सामूहिक विवाह कन्यादान योजना वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुकी है और निरंतरता बनी है. इसके बाद सबसे भावनात्मक और हिदू धर्म के महत्वपूर्ण अनुष्ठान से जुड़ी अस्थि विसर्जन यानी देवलोकगमन के बाद मृत आत्मा की मुक्ति या मोक्ष हेतु पुण्य नदियो में मृतक के अस्थियों का विसर्जन कराने का कार्य श्री भार्गव ने शुरू किया. वरिष्ठ विधायक श्री भार्गव बताते है कि हमारी हिन्दू संस्कृति मेंअस्थि एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसमें दाह संस्कार के बाद बची हुई अस्थियों और राख को नर्मदा, गंगा, यमुना, गोदावरी जैसी पवित्र नदियों में प्रवाहित किया जाता है।

दो सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत

सागर 11 अक्टूबर. सुरखी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-44 झांसी लखनादौन के बीच सागर नरसिंहपुर मार्ग पर तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार पति पत्नी की मौत हो गई है.

सुरखी थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार की सुबह 9.30 बजे नाहरमऊ गौरझामर निवासी अशोक दुबे पत्नी राधा दुबे के साथ मोटर साइकिल एमपी 15 एमएन 2290 से सागर की ओर आ रहे थे कि बरकोटी वेयरहाउस के समीप तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी, जिससे दोनो की मौके पर ही मौत हो गई है. पुलिस के अनुसार पंचनामा कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए सागर जिला चिकित्सालय भेजा गया है. जानकारी के अनुसार मृतक श्री दुबे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सागर विभाग के विभाग कार्यवाह थे और मिडिल स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे. पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच में ले लिया है.

दुकानों के सामने न लगे हाथ ठेले, ज्ञापन सौंपा : राहतगढ़. प्रजापति समाज के लोग हर वर्ष दीवाली के समय बस स्टैंड पुलिस चौकी के सामने एवं आसपास मिट्टी के दिए व अन्य सामग्री की दुकान फुटपाथ पर लगाते है. इस त्यौहार का इंतजार कुम्हार समाज सालभर करती है तीन-चार दिन की दुकानदारी में कुम्हारों की दीपावली भी अच्छे से मनाई जा सके इसके लिए प्रशासन से सहयोग चाहते हैं कि कुम्हारों की दुकान के सामने फल फ्रूट के ठेले न लगें।

बैंक से ऋण लेकर दिया जाएगा वेतन

सागर 11 अक्टूबर. नगर निगम महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, एमआईसी सदस्यों एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में बैठक कर सभी कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा में 5 करोड़ रुपए का ऋण लेकर दीपावली के पूर्व वेतन देने की घोषणा की.

एमआईसी सदस्य शैलेंद्र ठाकुर ने कहा कि कर्मचारी संघों द्वारा महापौर को विभिन्न मांगों के संबंध में जो ज्ञापन दिया गया है उन मांगों को पूर्ण करने हेतु महापौर एवं आयुक्त द्वारा सहानुभूति पूर्वक विचार किया जा रहा है. कर्मचारी भी अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाएं, बकाया वसूली के लिए अधिक परिश्रम करें. बैठक में पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव ने कहा कि सभी को मालूम है कि नगर निगम आर्थिक स्थिति से गुजर रहा है इस कारण आपको वेतन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है.